तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 सितम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 मूसलाधार बारिशः जलमग्न हुई कॉलोनी



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

### सत्ता पक्ष-विपक्ष के साथ ही सामाजिक संगठन, चिकित्सक सहित अन्य लोग हुए शामिल

# शहर की जर्जर सड़कों से राहत दिलाने बुलाई गई सर्वदलीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दलगत राजनीति से उपर उठकर पहले करने बनी सहमती

शहर की खस्ताहाल हो चुकी सड़कों को लेकर रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस बैठक में नगर निगम की महापौर, नेता प्रतिपक्ष के साथ ही सभी दलों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक व प्रबुद्ध जन शामिल हुए। बैठक में सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर चर्चा की गई और उसके बाद सभी एक स्वर में दलगत राजनीति से उपर उठकर सड़कों के निर्माण हेतु पहल करने की बात कही है और जरुरत पड़ने पर सीएम, लोनिवि मंत्री से मुलाकात करने के लिए रायपुर भी जाने की बात कही है।

बता दें कि इन दिनों शहर के सड़कों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। शहर में नगर निगम के साथ ही एनएच और लोक निर्माण विभाग की भी सड़कें है और लगभग सभी सड़कों की स्थिति खस्ताहाल है। समय रहते मरम्मत कार्य नहीं हो पाने के कारण सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है और बारिश में इन गड्ढों का आकर बड़ा हो गया है। बड़े बड़े गड्ढों में आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे है जबकि लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। ऐसे में शहर की जर्जर सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों कि होटल माखन विहार में एक सर्व दलीय बैठक बुलाई गई। इस बैठक में सत्ता पक्ष से महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विपक्ष से नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के साथ ही अन्य राजनैतिक दलों से जुड़े लोग, रंग मंच और सामाजिक संगठन से जुड़ लोग भी शामिल हुए। शहर के लोगों को खस्ताहाल सड़कों से कैसे मुक्ति दिलाई जाए इसे लेकर सभी ने अपने अपने विचार रहे और साझा मंच से सड़कों के सुधार और मरम्मत के लिए पहल करने के लिए सहमती प्रदान की। बैठक के दौरान लोगों ने सुझाव दिया कि सड़कों के निर्माण के दौरान लोग स्वयं से आगे आकर गुणवत्ता पर ध्यान दें इसके साथ ही सडकों के निर्माण के दौरान सूचना बोर्ड लगाया जाए जिसमें निर्माण की लागत, निर्माण की अवधी सहित अन्य सभी तकनीकी जानकारियां शामिल हो और लोगों को सड़को के लागत का पता हो।

इस बैठक में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, आर्किटेक्ट मनोज पाठक, रंजन खेड़पांडे, नितिन अभय पालोरकर, द्वितेंद्र मिश्रा, आईबी तिवारी, अनुज सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह गहरवार, त्रिलोचन सिंह बाबरा, अजीत अग्रवाल, आनंद यादव, अभय पालोरकर, शांतनु गर्ग, जयेश वर्मा, आदित्य गुप्ता, लव कुमार दुबे, कृष्णानंद तिवारी सहित अन्य शामिल हुए।


सर्वदलीय बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि व समाजसेवी।

### बारिश के बाद शुरू होगा काम : महापौर

बैठक के दौरान नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने स्वीकार किया कि शहर की ज्यादातर सड़कें खराब है लेकिन इनमें से भी अधिकतर सड़क लोक निर्माण विभाग और एनएच के अधीन है। उन्होंने स्वयं इन विभागों की कई बार बैठक ली इसके साथ ही कलेक्टर से मुलाकात कर सड़कों के मरम्मत हेतु पहल करन करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इस बार बारिश समय से पहले शुरू हुई और जिले में अधिक वर्षा हुई है इस कारण भी काम नहीं हो पा रहा है। शहर में विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत है और इसमें से 15 करोड़ रुपए का टेंडर भी जारी कर दिया गया। इस राशि में से 11 करोड़ रुपए शहर की सड़कों के लिए रखे गये है जबकि शेष भवन निर्माण के लिए। बारिश रुकने के साथ ही निर्माण कार्य शुरू होंगे। वहीं एनएच और लोक निर्माण विभाग की ओर से भी प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है और इसके स्वीकृति का इंतजार है। नगर निगम संसाधनों की कमी से जूझ रहा है ऐसे में सामूहिक प्रयास से समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

### दलगत भावना से ऊपर उठकर पहल की जरूरत : शफी

बैठक में ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने शहर की जनता को राहत देने के लिए सभी को दलगत भावना से ऊपर उठकर आगे आना होगा। जब सभी मिलकर पहल करेंगे तो समस्या का समाधान किया जा सकता है। 7 या 10 करोड़ रुपए से शहर के सड़कों का निर्माण संभव नहीं है। शहर की सड़कों के लिए 30 करोड़ रुपए से अधिक की आवश्यकता है। तत्काल राहत के लिए नगर निगम के पास आश्रय शुल्क योजना का 2 करोड़ रुपए जमा है इसके साथ ही विधायक, सांसद के मद होते है। कलेक्टर के पास डीएमएफ की राशि होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि सामूहिक रूप से प्रयास किया जाए और सांसद, विधायक, कलेक्टर से मुलाकत की जाए इसके साथ ही जरुरत पड़े तो सीएम से भी रायपुर में चलकर शहर की जनता के लिए मुलाकात की जाए।

#### सड़कों की खराब हालत का कारण ड्रेनेज की समस्या

बैठक में आर्किटेक्ट मनोज पाठक भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सड़कों के निर्माण के दौरान तकनीकी बातों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि तकनीकी परेशानियों और ड्रेनेज व्यवस्था की खामियों के कारण सड़कों की हालत जल्दी खराब होती है। निर्माण के दौरान इस बात पर ध्यान देना चाहिए की पानी का जमाव सड़क पर ना हो। यदि सही तरीके से सड़क बने तो डामरीकरण की आयु 20 साल तक हो सकती है।

#### बाहरी रिंग रोड की आवश्यकता

बैठक के दौरान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि अंबिकापुर शहर का डिजिटल सर्वे होना चाहिए ताकि सड़कों की चौड़ाई, नालियों की स्थिति और अवैध कब्जों की जानकारी साफ हो। उन्होंने कहा कि शहर से अवैध कब्जे नहीं हटे और पानी की निकासी सही नहीं हुई तो सड़कें हमेशा खराब होंगी। उन्होंने साथ ही बाहरी रिंग रोड की भी मांग रखी जिससे शहर में भारी वाहनों का दबाव कम हो और सड़कों की हालत खराब ना हो।

#### जाएंगे सीएम से मिलने

बैठक में पक्ष-विपक्ष के साथ ही सामाजिक संगठनों से चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि स्थानीय स्तर पर विधायक, सांसद से मिलकर बात की जाए इसके साथ ही एक प्रतिनिधि मंडल रायपुर जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव से भी मुलाकात करे। सभी को दलगत भावना से ऊपर उठकर एक जुट रहना होगा ताकि शहर की समस्याओं से मुक्ति मिल सके।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को दिया जाएगा होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण



**अम्बिकापुर।** बस्तर और सरगुजा अंचल के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए होटल मैनेजमेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने इन अंचलों के युवाओं के प्रशिक्षण में होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति बस्तर तथा सरगुजा विकास प्राधिकरण के माध्यम से किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में आगामी चक्रधर समारोह, बस्तर पंडुम, रामगढ़ महोत्सव को और बेहतर ढंग से आयोजित करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न विधाओं के स्थानीय कलाकारों का प्रोत्साहन और मंच प्रदान करने तथा उनकी कलाओं को निखारने में आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव रोहित यादव, संचालक संस्कृति विवेक आचार्य सहित पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्युषण संवत्सरी व उत्तम क्षमा होने के कारण बंद रहेंगे पशुवध गृह

**अम्बिकापुर।** ननि आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय शासन विभाग के आदेशानुसार 9 सितम्बर को पर्युषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा होने के कारण पशुवध गृह बंद रखे जाएंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को सूचित किया है कि पर्युषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा होने के कारण उक्त दिवस को मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने उपरोक्त तिथि को पशु वध एवं मांस विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## बांधों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दिए बांधों पर निगरानी रखने के निर्देश

बलरामपुर जिले में लुत्ती व सरगुजा में गेरसा बांध के टूटने के बाद अब जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ में आ गया है। सोमवार को कलेक्टर सरगुजा के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों ने क्षेत्र के प्रमुख बांकी डेम एवं श्याम घुनघुट्टा परियोजना का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी डेम जिनमें जलभराव अपनी क्षमता के अनुरूप हो चुका है उन पर लगातार नजर रखी जाए। साथ ही आस-पास के रहवासी इलाकों के लोगों को सतर्क और जागरूक किया जाए ताकि किसी भी संभावित आपदा स्थिति का समय रहते निपटा जा सके। कलेक्टर ने कहा कि निरंतर बारिश के बीच डेम का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में नियंत्रण कक्ष से नियमित रिपोर्ट ली जाए और सुरक्षा इंतज़ाम दुरूस्त रखें। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को हर स्थिति पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि बांकी डेम का निर्माण वर्ष 1994 में हुआ था। इसकी जलभराव क्षमता 17.00 एमसीएम है और कैचमेंट एरिया 37.12 वर्ग किलोमीटर है। इस डेम की ऊंचाई 32.4 मीटर, लंबाई 1134 मीटर तथा नहर की लंबाई 19.08 किलोमीटर है। करीब 13 वर्षों बाद यह डेम अपनी पूर्ण क्षमता तक भरा है, जो रहवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। वहीं, श्याम घुनघुट्टा परियोजना, जिसका निर्माण वर्ष 1986 में हुआ था, सरगुजा की सबसे महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं में से एक है। इस परियोजना का कैचमेंट एरिया 492 वर्ग किलोमीटर है। डेम की ऊंचाई 31.50 मीटर मेसनरी और अर्थेन 11.10 मीटर और लंबाई 5192 मीटर है। यह परियोजना न सिर्फ सिंचाई के लिए बल्कि पेयजल आपूर्ति के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक निरंजन, सब इंजिनियर सुश्री अश्वनी लकड़ा, अजय दान एक्का सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।


बांकी डेम का निरीक्षण करते कलेक्टर।

## एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के कर संरचना में सुधार की जरुरत : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व डिप्टी सीएम ने लिखा केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पूरी को पत्र

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी को पत्र प्रेषित कर एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के कर संरचना में सुधार की सलाह दी है। कर संरचना में सुधार का सीधा फायदा आम उपभोक्ता को होगा। इस सुधार से पेट्रोल की कीमतों को 5 रुपए तक कम किया जा सकेगा। 5 सितंबर को प्रेषित पत्र जो तथ्यात्मक और शोधपरक है उसमें पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री को यह बताया है कि इथेनॉल मिक्स पेट्रोल पर दोहरा कराधान है। शुद्ध इथेनॉल पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है और जब इस इथेनॉल को ई-20 अनुपात में पेट्रोल में मिलाया जाता है तब उसपर पेट्रोल पर लगने वाला उत्पाद कर और सेस के साथ राज्यों वैट भी अधिरोपित हो जाता है। यदि 20 प्रतिशत इथेनॉल जिसपर जीएसटी अधिरोपित है को शेष करो से जो पेट्रोल पर लगते हैं से मुक्त कर दिया जाए तो पेट्रोल की कीमतों में 5 रुपए प्रति लीटर की कमी हो जाएगी।



छत्तीसगढ़ का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया इथेनॉल पर जीएसटी के अतिरिक्त करो को हटा दिया जाये तो कि ई-20 ईंधन की अनुमानित लागत क्रूड प्रोसेसिंग, जीएसटी सहित इथेनॉल की खरीदी और बलेंडिंग के बाद लागत 94.95 रुपए प्रति लीटर आता है। इसके बावजूद 5 सितंबर तक छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की खुदरा कीमतें 99.44 रुपए प्रति लीटर से 100.55 रुपए प्रति लीटर के आसपास है। इस प्रकार से कर संरचना में सुधार आम नागरिकों को बड़ी राहत देगा। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि इथेनॉल मिश्रण से मात्र 2025 में ही सरकार ने 43000 करोड़ रुपए की बचत की है। रूस और अन्य स्त्रोतों से सस्ता तेल खरीदने के बावजूद उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिलने का ज़िक्र करते हुए उन्होंने-20 ईंधन की कर संरचना में सुधार करते हुए उपभोक्ताओं को तत्काल इसका लाभ पहुंचाने की मांग अपने पत्र में की है।

#### झेल रहे दुष्प्रभाव भी

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने विभिन्न शोधपरक जानकारी के साथ ई-20 ईंधन के कारण वाहन पर पड़ रहे दुष्प्रभाव का भी विवरण केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को प्रेषित पत्र में किया है। उन्होंने बताया है कि ई-20 ईंधन के कारण 2010 के पूर्व के वाहनों के एवरेज में औसतन 7 प्रतिशत और 2010-2023 के बीच निर्मित वाहनों के एवरेज में 4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। इथेनॉल के हाइग्रोस्कोपिक और संक्षारक स्वभाव के कारण इंजन में टूटफूट और रखरखाव की समस्या उत्पन्न हुई है।

## ग्रेडर मशीन की चपेट में आने से मासूम की मौत, दादा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम सनावल त्रिशुली मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रेडर मशीन वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 3 वर्षीय मासूम की मौत हो गई जबकि दादा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन पीछे करने लगा जिससे दुर्घटना हुई। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम सनवाल त्रिशूली मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इसी बीच ग्राम त्रिशूली निवासी नंदलाल गुप्ता (45 वर्ष) मां लालो देवी (65 वर्ष) व पोता आकर्ष (3 वर्ष) के साथ उत्तर प्रदेश के घघरा से वापस गांव आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार गांव के समीप लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सड़क का निर्माण के पास पहुंचे। जहां ग्रेडर मशीन वाहन चल रहा था। जिसे देख कर नंदलाल गुप्ता ने बाइक रोक दिया और ग्रेडर के किनारे होने का इंतजार करने लगा। इधर ग्रेडर चालक लापरवाही पूर्वक पीछे आने लगा जिसे देखकर मौके पर मौजूद इब्राहिम एवं पोकलेन ड्राइवर द्वारा आवाज दी गई परंतु ग्रेडर चालक उनकी बातों को अनसुना करते हुए गाड़ी पीछे किया जिससे बाइक सवार नंदलाल एवं उसका पोता वाहन की चपेट मे आ गए। घटना को देख महेंद्र साव, इब्राहिम द्वारा बाहर निकला गया लेकिन तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी वहीं नंदलाल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को तत्काल सनावल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। इधर स्थानीय लोगों ने ठेकेदार एवं विभाग के जिम्मेवार लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में सनावल थाना प्रभारी गजपति मिर्रे ने बताया कि ग्रेडर मशीन चालक राजेश जायसवाल के विरुद्ध धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ग्रेडर चालक अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

## विसर्जन के दौरान जुलूस पर वाहन चढ़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त

- 8 घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद दी गई छुट्टी

**सीतापुर।** गणेश विसर्जन के दौरान ग्रामीणों पर वाहन चढाने वाले चालक को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही कार को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही इस हादसे में घायल 8 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई जबकि मृतक बालक के शव को पिईम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि ग्राम आमाटोली में रविवार को गणेश विसर्जन के दौरान निकली शोभायात्रा में चालक की लापरवाही से एक तेज रफ्तार एसयूवी कार भीड़ में घुस आई और लोगों को रौंदते हुए आगे निकल गई थी। शोभायात्रा के दौरान अचानक हुए इस हादसे में मौके पर अफरा तफरी मच गई थी। इस घटना में चार महिला एवं पांच मासूम बच्चे समेत कुल नौ लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। सभी घायलों को तत्काल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद 6 वर्षीय रितेश आ राजेश पैंकरा की हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था लेकिन मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही उस मासूम ने दम तोड़ दिया था। शेष आठ घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था जिनकी हालत में सुधार होता देख उन्हें देर रात हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई थी। शोभायात्रा के दौरान हुए हादसे के बाद डर के मारे वाहन छोड़कर फरार चालक ने थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया था। वही वाहन के साथ तोड़फोड़ न हो जाये इसलिए घटनास्थल से वाहन को भी गायब कर दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में आमाटोली कुम्हारपारा निवासी 23 वर्षीय चालक अमित कुमार मरावी आ. रत्तुराम मरावी को बीएनएस की धारा 105,110 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही दुर्घटनाकारित एसयूवी कार क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 6168 को जब्त कर लिया है।

### छग गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष ने बताया निर्णय को ऐतिहासिक

## जीएसटी दरों में सुधार से आम नागरिकों के जीवन में आएगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जीएसटी दरों में सुधार को लेकर सोमवार को छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है।

आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके रेट को काम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। 22 सितंबर मां शक्ति की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि से लागू होने वाले नए प्रावधान देश को आर्थिक रूप से और शक्तिशाली बनाएंगे। उन्होंने जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया। इससे आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी और व्यापार-उद्योग को नई गति मिलेगी। अनुराग सिंह देव ने स्पष्ट किया कि एक राष्ट्र-एक टैक्स की दिशा में उठाया गया यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और आम उपभोक्ता को सस्ता सामान उपलब्ध कराएगा।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, गोपाल कृष्ण मिश्रा, ज़िला उपाध्यक्ष अजीत सिंह, दीनानाथ यादव, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, मुकेश गुप्ता, पार्षद गौतम सिंह, विजय प्रताप सिंह, रजनी सोनी, अंबिकापुर पार्षद शिवमंगल सिंह, राजेंद्र सिंह मौजूद थे।





खबर संक्षेप

## शांति समिति की बैठक आज

**मनेन्द्रगढ़।** नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं रावण दहन जैसे आयोजनों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 9 सितंबर को शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक सुबह 10 बजे नगरपालिका कार्यालय सभाकक्ष, मनेन्द्रगढ़ में होगी। अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, पूजा समितियां व गणमान्य नागरिक इसमें शामिल होंगे। बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी।

## आधार कार्ड संबंधित समस्याओं के शिविर कल

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 10 सितंबर को यूआईडीएआई के विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक दिवसीय आधार कार्ड शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय मानस भवन में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य जिले के वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के आधार संबंधी बायोमेट्रिक मिस मैचिंग, मल्टीपल रीजेक्शन के प्रकरणों का निराकरण और आधार कार्ड बनवाने में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही शिविर में स्वास्थ विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ जांच भी किया जाएगा।

## प्राचार्य गुप्ता को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** बीते 5 सितंबर को राज्यपाल पुरस्कार सम्मान से सम्मानित अमृतलाल गुप्ता का विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्राओं के द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। प्राचार्य को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होने पर पूरा विद्यालय परिवार अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। श्री गुप्ता प्राचार्य शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में पिछले 37 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय और समर्पित कार्य कर रहे हैं। अपने लंबे अनुभव अनुशासन और दूरदर्शी सोच से इन्होंने विद्यालय में उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल का निर्माण किया है।

## कुशल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत संशोधित लक्ष्य का निर्धारण कर पुनः लक्ष्य प्रदान किया गया है। इस वर्ष 2025-26 में 10,065 का लक्ष्य जिले को प्रदान किया गया है। जिले को संपूर्ण साक्षर किए जाने के लिए पुनः जिले के नगरीय निकाय एवं बैकुंठपुर के समस्त ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य ग्राम प्रभारियों के द्वारा किया गया।

### कई जगहों पर घर में घुसा पानी, रहवासी परेशान

# मूसलाधार बारिशः जलमग्न हुई कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

आश्विन माह के पहले दिन देर अपरान्ह जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में एक घंटे से भी अधिक समय तक झमाझम बारिश हुई। बैकुंठपुर शहर में भी एक घंटे से अधिक मूसलाधार बारिश के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। मूसलाधार बारिश के कारण कुछ देर के लिए जन जीवन प्रभावित हुआ।

जानकारी के अनुसार सोमवार को अपरान्ह लगभग 4 बजे के लगभग हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हुई और फिर मूसलाधार बारिश की शुरूआत हुई और करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक झमाझम बारिश होती रही। बारिश के कारण सड़कों पर पानी का तेज बहाव चालू हो गया। सड़कों पर अचानक लोगों की आवाजाही थम गई। बारिश थमने के बाद ही फिर से आवागमन सुचारू हो सका।

उल्लेखनीय है कि अब बारिश विदाई की ओर है और ऐसे समय में आश्विन माह के पहले दिन घंटेभर से ज्यादा देर की बारिश से शहर को तर बतर कर दिया, इसी तरह का हाल जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों की भी रही। इस दिन तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल गए। वर्तमान में धान की फसलों में कई क्षेत्रों के खेतों में पानी की कमी होती जा रही थी, ऐसे समय में हुई मूसलाधार बारिश खेतों में पानी की कमी को पूरा कर दिया।



डबरीपारा में जाम नाली।







शहर में जलमग्न हुई नपा के पीछे की कालोनी।

### घर में घुसा बरसात का पानी

सोमवार को देर अपरान्ह के समय हुई घंटेभर से अधिक समय के बारिश के चलते शहर क्षेत्र के कई लोगों के घरों में बरसात का पानी घुस गया, इसके चलते परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बरसात समाप्त होने के बाद धीरे-धीरे पानी कम होने लगा तथा घर में घुसे पानी को परिवार के लोग बाहर निकालने में जुट गए। सड़क पर जल भराव की स्थिति- झमाझम बारिश जमकर होने के कारण शहर में कई जगहों की सड़कों पर जल भराव हो गया था, इसके बीच से लोगों को आना-जाना पड़ा। जानकारी के अनुसार गौरवपथ पर जनपद काम्पलेक्स के पास, इसके अलावा कचहरीपारा , नगर पालिका के पीछे कॉलोनी सहित अन्य मोहल्लों के सड़कों पर जल भराव की स्थिति रही, इसके अलावा मुख्य मार्ग पर भी कई जगहों पर जल भराव होने के कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मुख्य मार्ग पर गिरा पेड़

सोमवार को हो रही बारिश के दौरान जिला मुख्यालय के निकट खाड़ा भाड़ी मुख्य मार्ग पर अचानक एक पेड़ का डंगाल टूट कर गिर गया। इस दौरान किसी के आवागमन नहीं करने के कारण किसी तरह की कोई दुर्घटना होने से बच गई। मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुई। सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया गया, इसके बाद यातायात सामान्य हुई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

# गला घोंटकर युवती की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले के सिटी कोतवाली बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में हुई निर्मम हत्या की गुत्थी को कोरिया पुलिस ने सुलझा लिया है।

पुलिस ने विवेचना के बाद एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। मामला 1 सितंबर का है, जब डामरपारा निवासी मृतिका पार्वती साहू उम्र 19 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना उसके पति अनूज साहू ने थाना बैकुंठपुर को दी थी। संदेहास्पद हालात को देखते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण, आसपास के सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और पीएम रिपोर्ट के आधार पर विवेचना आगे बढ़ाई। जांच में सामने आया कि मृतिका के परिवार में संपत्ति और बुजुर्ग सास की सेवा-सुश्रूषा को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मृतिका की बड़ी सास सुखमन साहू, सेवा के लिए पार्वती और उसके परिवार पर भरोसा करती थी, जिससे चंद्रप्रकाश साहू और उसकी पत्नी अनीता साहू नाराज रहते थे। इसी रंजिश के चलते हत्या की साजिश रची गई। इसी बीच बीते 1 सितंबर को दोपहर लगभग 2:30 से 3 बजे के बीच जब पार्वती अपने कमरे में विश्राम कर रही थी, तब आरोपिया अनीता साहू उम्र 36 वर्ष पत्नी चंद्रप्रकाश साहू निवासी तलवापारा बैकुंठपुर ने दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। अपराध की पुष्टि होने पर थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 306/2025 धारा 103(1), 332(ए) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। आरोपी महिला को 8 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस प्रकरण के सफल खुलासे में निरीक्षक विपिन लकड़ा, निरीक्षक शीतल सिदार, उपनिरीक्षक जयालक्ष्मी, प्रधान आरक्षक दीपक पाण्डेय, महिला आरक्षक किरण पैकरा एवं पूर्णिमा सिदार की अहम भूमिका रही।

■ कोरिया पुलिस को मिली सफलता

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल पहुंचे ट्रैफिक मैन महेश के घर



**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सोमवार को ग्राम खैरी पहुंचे, जहां उन्होंने ट्रैफिक मैन हवलदार डॉ. महेश मिश्रा से भेंट की।

मुख्यमंत्री के हाथों स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति का गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा पदक प्राप्त करने वाले डॉ. मिश्रा को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मंत्री ने कहा कि समाज सेवा और जनहित के कार्यों को जीवनभर समर्पित करने वाले डॉ. मिश्रा वास्तव में अद्वितीय प्रतिभा के धनी हैं। हम सबको इन पर गर्व है। ऐसे कर्मचारी प्रदेश का नाम रोशन करते हैं और आमजन में सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हैं। गौरतलब है कि गत रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं कोरिया जिला प्रभारी जशपुर राजघराने के प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने भी डॉ. मिश्रा के घर पहुंचकर उन्हें सच्चा देशभक्त बताते हुए सम्मान व शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि डॉ. मिश्रा विगत दो दशकों से जनजागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

## कुत्ते के काटने से युवक की मौत

**सोनहत।** जिले के ग्राम बेलिया में कुत्ते के काटने से हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। ग्राम निवासी जय प्रकाश साहू उम्र 32 वर्ष पिता राधेश्याम साहू की रविवार की रात मौत हो गई। करीब 8 माह पहले कुत्ते ने जय प्रकाश को काट लिया था, लेकिन उसने एहतियातन रेबीज का इंजेक्शन नहीं लगवाया। शुक्रवार की शाम अचानक रेबीज के लक्षण दिखाई देने लगे। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए डकड ऊवा (मध्यप्रदेश) ले गए, लेकिन लौटते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, इसमें काफी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। चिकित्सकों ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए लोगों से अपील की है कि कुत्ते या किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत प्राथमिक उपचार और रेबीज टीका अवश्य लगवाएं, ताकि जान बचाई जा सके।

# कृषि अधिकारी आज भी करेंगे काली पट्टी बांधकर काम

**मनेन्द्रगढ़।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के आह्वान पर जिले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी 9 सितंबर को काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे।

संघ ने जिला प्रशासन को इस आशय की सूचना दे दी है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि उनकी वर्षों से लंबित जायज मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। अब धैर्य की सीमा टूट चुकी है और सरकार को तत्काल ठोस निर्णय लेना होगा। संघ की प्रमुख मांगों में 4300 ग्रेड पे वेतनमान संशोधन, कार्यक्षेत्र का पुर्निर्धारण, 2500 रूपए मासिक यात्रा भत्ता, कार्य संपादन के लिए संसाधन भत्ता, अतिरिक्त सेवा भत्ता, पदनाम संशोधन, गैर विभागीय कार्यों से मुक्ति, आदान सामग्री का भंडारण समितियों में एवं भुगतान के लिए डीबीटी प्रणाली लागू करना तथा लंबित पदोन्नतियों की प्रक्रिया शीघ्र पारित करना शामिल है।




# महिला मोर्चा की महिलाएं पहुंची खैरी



**चरचा कॉलरी।** कोरिया जिले के यातायात विभाग में पदस्थ डॉ. महेश मिश्रा को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किए जाने पर जिले में खुशी की लहर है। यह सम्मान कोरिया जिले के लिए गर्व का विषय बना है। महिला मोर्चा की टीम डॉ. मिश्रा के निवास पर पहुंची और उन्हें शाल-श्रीफल से सम्मानित कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सभी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. मिश्रा का जीवन और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायक है। उपस्थितजन ने कहा कि डॉ. मिश्रा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके त्याग, समर्पण और कार्यशैली से हर बच्चा प्रेरणा ले और उनकी तरह समाज व राष्ट की सेवा करें।

# फ्लैशमॉब के जरिए एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान



**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 6 सितंबर तक कोरिया जिले में एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया।

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी एवं सहायक संचालक नीतू मंडावी के मार्गदर्शन, सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह के संरक्षण तथा जिला संगठक डॉ. एमसी हिमधर के संयोजन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने जिला अस्पताल, बस स्टैंड, कुमार चौक, साप्ताहिक बाजार छिन्दडांड़, छिंदिया चौक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में गीत, नृत्य, नुक्कड़ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, बचाव, मरीजों से भेदभाव न करने और टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी दी गई। इसी कड़ी में पं.ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना के स्वयंसेवकों ने पटना साप्ताहिक बाजार एवं ईमली चौक में फ्लैशमॉब प्रस्तुत किया। साथ ही पंपलेट भी वितरित किए गए। अभियान के अवलोकन के लिए जिला अस्पताल से डॉ. एके सिंह, डॉ. शिशिर जायसवाल, देवी प्रसाद सोनी, निशुल जायसवाल, बृजेश कुशवाहा, निकिता दुबे तथा पटना सीएचसी से बीएमओ डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा उपस्थित रहे।






## डबरीपारा में स्वास्थ्य व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री का स्वागत

**बैकुण्ठपुर।** सोमवार को अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरशद खान एवं मुस्लिम समाज के संयुक्त तत्वावधान में छग शासन के स्वास्थ्य मंत्री एवं अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री का डबरीपारा में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तबस्सुम जसीम खान निवासी श्रीगढ़ थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि अविदक के (दादा जी स्व. सलीमुद्दीन आ. स्व. रमजानी की दिनाक 04/04/1996 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर**




## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिक संघ का केतका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**सूरजपुर।** वरिष्ठ नागरिक संघ ने सर्व साधारण एवं आम नागरिकों के लिए 9 सितंबर को को वरिष्ठ नागरिक संघ के सौजन्य से जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह के मुख्य आतिथ्य में विकासखंड के ग्राम केतका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 11 बजे से आयोजित किया गया है। शिविर में वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, मधुमेह, रक्तचाप एवं मौसमी बीमारियों की जांच तथा निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक संघ के सचिव मोती लाल गुप्ता ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की बात कही है।

### पितृपक्ष को लेकर की गई घाटों की साफ-सफाई



**रामानुजगंज।** पितृपक्ष के अवसर पर नगर वासियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पितृपक्ष शुरू होने के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार के निर्देश पर नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा कन्हर नदी किनारे स्थित मां महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट की विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि पितृपक्ष में नगर के अधिकांश लोग परंपरागत रूप से नदी किनारे पहुंचकर अपने पितरों को तर्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या एकत्र होते है। ऐसे में घाटों की स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखना बेहद आवश्यक है। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक महत्व वाले इन स्थलों पर साफ-सफाई नगर की संस्कृति और श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी स्वच्छता निरीक्षक विजय दास एवं बेचु प्रजापति की देखरेख में घाटों पर कचरा हटाने, गंदगी साफ करने में लगे हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पितृपक्ष में नगर की धार्मिक परंपराएं सम्मान जनक ढंग से संपन्न हो सकेगी और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में अपने पितरों का तर्पण करने का अवसर मिलेगा।

### वसुधा ने घोषित किया तीज उत्सव का परिणाम

**अम्बिकापुर।** महिलाओं के संगठन वसुधा महिला मंच एवं समभाव महिला मंच द्वारा तीज पर आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है। वसुधा महिला मंच द्वारा घोषित परिणाम में प्रथम सरिता सिंह, द्वितीय डॉ.पुष्पा सोनी, तृतीय रेखा इंगोले विजेता रही। समभाव महिला मंच द्वारा प्रथम कुंजबाला जायसवाल एवं मुक्ता गुप्ता, द्वितीय मधु चौदहा एवं रेखा गुप्ता तृतीय तनुश्री मिश्रा एवं विमला यादव को प्राप्त हुआ। विशेष पुरस्कार के लिए संजीता स्वर्णकार एवं आंचल पाण्डेय का चयन किया गया है। किटी समूह द्वारा प्रथम रश्मि गुप्ता, द्वितीय सत्या दुबे, एवं तृतीय स्मिता तिवारी रही। विजेताओं को समिति के आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं की लॉटरी ड्रा वंदना दत्ता एवं अनुभा डबराल की उपस्थिति में छोटे बच्चों द्वारा निकाली गई।

### शिक्षक दिवस पर बच्चों को निःशुल्क टाई, बेल्ट वितरण

**बिहारपुर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रसौकी में बच्चों ने सरपंच रीता सिंह के मुख्य आतिथ्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका पैकरा एवं अमिता रानी प्रधान द्वारा बच्चों को टाई एवं बेल्ट का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरू ही विद्यार्थियों का सच्चा पथप्रदर्शक होता है, जो उन्हें जीवन में सफलता की ओर अग्रसर है। अंत में प्रधान पाठक नंदलाल राठिया ने मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना एवं अनुशासन की भावना विकसित होती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पार्वती महाविद्यालय में मना साक्षरता दिवस



**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन कर साक्षरता के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। अध्यापकों ने डिजीटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देने तथा साक्षरता दिवस के इतिहास पर व्याख्यान दिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.छवी रानी मंडल सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं, मांगों लेकर अभाविप ने किया कॉलेज का घेराव



महाविद्यालय के सामने प्रदर्शन करते अभाविप कार्यकर्ता व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शासकीय कालिदास महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं एवं छात्रों को हो रही असुविधाओं को लेकर महाविद्यालय का घेराव किया तथा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है।

कोरिया विभाग संयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि महाविद्यालय में गर्ल्स वाश रूम के दरवाजे और नल टुटे पड़े हैं और इनकी नियति साफ सफाई भी नहीं होती। पीने के पानी के लिए अभी तक किसी प्रकार की उचित व्यवस्था नहीं किया गया है। गर्ल्स कॉमन रूम और छात्रा सुरक्षा का मुद्दा प्रमुख रहा जिसको लेकर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों को रखा है। अभाविप नगर मंत्री रिंकू नाविक ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रों के बाइक, साइकिल रखने के लिए स्टैंड बना हुआ है जो क्षतिग्रस्त और छज्जा टूटा हुआ है इसके बाद भी मरम्मत नहीं हुआ है। गर्ल्स वॉशरूम का दरवाजा टूटा हुआ है साथ ही वाशरूम में लगी नल भी टुटी हुई है। नियमित रूप से महाविद्यालय के सभी वॉशरूमों की सफाई एवं पानी की सुविधा होने चाहिए। महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या अधिक है, जबकि शासन प्रशासन द्वारा छात्राओं को हर साल सेनेटरी पैड उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन महाविद्यालय द्वारा पिछले कई वर्षों से सेनेटरी पैड वितरण नहीं कराया गया जिसका हिसाब दें और तत्काल छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरण कराई जाए। महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम की सुविधा, महाविद्यालय में छात्रावास की सुविधा, महाविद्यालय में बीए, बीएससी एवं बीकॉम के कक्षाओं में पंखे व खराब बोर्ड की मरम्मत की जाए। महाविद्यालय में कार्यालय सहायक पदों का नोटिफिकेशन निकाला जाए एवं महाविद्यालय का शुल्क कम किए जाने सहित अन्य मांग की। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही। इस दौरान रिंकु नाविक, बरत लाल, नंदेश्वर यादव, राज यादव, देव कुमार, अमर महंत, जितेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, नरेंद्र सिंह, अनंत प्रकाश, राकेश कुमार, विवेक, रूपेश, उपेंद्र कुमार, शैलेन्द्र पैकरा, दिलीप कुमार, नारायण पैकरा, सोनशाय, संत कुमार, संजय कुमार, देवेश कुमार,श्रवण कुमार पैकरा, रेशमी सिंह, कौशल्या, अनुराधा, मानमती, मीना, सत्या, बिंदेश्वरी, कान्ति, प्रमिला, खुशबू ठाकुर, आरती गुप्ता, लक्ष्मी, रीना, उर्मिला, रिया, अश्लेखा, सीता, सुप्रिया, अमृता सिंह, पूनम यादव, रीना प्रजापति, अराधना, संगीता बखला, चंचल, बिमला शांडिल्य, रीना, राजकुमारी, सरिता सिंह, फूलकुमारी, नंदिता सेन, नीरज, पूनम सिंह, सुमित्रा, दीक्षा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अव्यवस्था को लेकर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज की अव्यवस्था, लापरवाहियों और गैर जिम्मेदाराना बर्ताव को लेकर महाविद्यालय के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। साथ ही सात दिवस में व्यवस्था से सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कॉलेज में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं का कहना है कि बीए,बीएससी, बीकॉम, और बीसीए की नियमित कक्षाएं नहीं लगती, लाइब्रेरी से पुस्तकें नहीं मिलते, सातवें सेमेस्टर के लिए प्रोफेसर उपलब्ध नहीं है। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी बरती जा रही है और अच्छा पेपर लिखने के बाद भी छात्रों को केवल 2-3 नंबर मिलना मिलता है। परीक्षा में बैठने के बाद भी अनुपस्थित और मनमाने तरीके से बेक लगा देते है। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में बाहरी लोगों आकर छात्राओं से दुर्व्यवहार करते है। छात्रों को कब कक्षाएं लग रही हैं इसकी जानकारी नहीं मिलती। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय पानी जमा होने सहित अन्य समस्याओं से प्राचार्य को अवगत कराया। जिस पर प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि सात दिवस के अंदर इन सारी समस्याओं को दूर कर दिया जाएगा। इस दौरान नेता ज्ञान तिवारी, अतुल ताम्रकार,कान्हा पटेल, आकाश पटेल, नेहाल साहू, पवन सोनी, मनीष सोनी, समीर सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।





## ग्राम पंचायत नवापाराकला में संभाग स्तरीय करमा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

विकास खंड प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा कला में करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल तथा क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संभाग स्तर के करमा टीम प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्रामवासियों ने अपनी संस्कृति एवं पुराने परंपरा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं बचाने के लिए आयोजन किया जाता है। ग्राम पंचायत नवापारा कला के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विकास खंड प्रेमनगर के समस्त जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। करमा प्रतियोगिता बूढ़ा देव लोक सेवा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में करम देवता के पूजा अर्चना किया जाता है। प्रेमनगर विधानसभा के विधायक ने कहा कि यह कार्यक्रम अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के महिला बाल विकास विभाग के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन करने से हमारी संस्कृति का पहचान बनता है और इसे बचाकर रखना हमारी जिम्मेदारी है। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि करमा त्यौहार हमारी पुरानी संस्कृति रही है। करम देव का पूजा करने से घर परिवार एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, शशि कांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, नयन सिरदार, रन सिंह टेकाम, प्रभु नारायण श्याम, आनंद कुंवर, उषा सिंह, अजय श्याम, शिवनन्दन सिंह मरावी, मिथिला बंजारा, पूर्णा जायसवाल, विजय सिरदार, महेंद्र कुमार यादव, प्रदीप साहू, उर्मिला साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गाज की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंधा घुटरापारा स्थित नर्सरी में गाज की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। रविवार की दोपहर 3.30 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही गरज चमक होने लगी। इस दौरान गाज गिरने से नर्सरी में चर रहे दो मवेशी चपेट में आ गए जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मृत मवेशी ग्राम बंधा निवासी प्रेम दास आ. संटू दास के बताए जा रहे है।

### ग्रामीणों को दी गई आयुर्वेद एवं योग की जानकारी

**सोनगरा।** आयुष विभाग द्वारा रजत महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य एवं आयुष केंद्र सोनगरा में ग्रामीणों को आयुर्वेद एवं योग जागरूकता, घरेलु औषधि की जानकारी दी गई। वृद्धो को घरेलु औषधि पौधे का वितरण संस्था में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष



कुमार सिंह एवं संस्था प्रभारी डॉ. मीना राजवाड़े द्वारा किया गया। डॉ. सिंह ने आयुष विभाग के जनकल्याण कारी योजनाओं के साथ साथ हमें हर दिन हर घर आयुर्वेद के तहत अपने आस पास के औषधि परिचय, रोगप्रतिरोधक घरेलू औषधियों के बारे में जानने एवं उनके दैनिक उपयोग से लाभ के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त आहार विहार दिनचर्या ऋतुचार्य, योग प्राणायाम को अपने जीवन शैली में जोड़ने की बात कही। स्वास्थ्य शिविर में 45 रोगियों का उपचार एवं परामर्श दिए गए।

## भाजपा सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला 17 से 2 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा सूरजपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि विधानसभा सामरी के विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा मौजूद थे।




बैठक में शामिल भाजपा पदाधिकारी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि सेवा परमो धर्म को चर्चा करते हुए समाज के गरीब सूचित वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अन्य को ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे हैं उनका व्यक्तित्व कृतित्व अद्भुत है। सेवा पखवाड़ा सिर्फ कार्यक्रम नहीं यह सेवा, समाधान, समर्पण का समागम होगा। सेवा पखवाड़ा निमित्त सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर महात्मा गांधी का जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। कार्यशाला में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर लगाना,एक पेड़ मां के नाम, प्रबुद्ध जन सम्मेलन, दिव्यांग जानो का सम्मेलन, कुटुंभ प्रबोधन कार्यक्रम करना, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत पर फोकस, संघ शताब्दी उत्सव मनाने को लेकर विस्तृत जिम्मेदारी दी गई है।

विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के कुशल नेतृत्व में मोदी के गारंटी और विष्णु के सुशासन चल रही है। सेवा पखवाड़ा में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों को अवगत करवाया जाएगा।

इस दौरान रामकिशुन सिंह, गोपाल कृष्ण मिश्रा, अजीत सिंह, बलवंत सिंह, आनंद जायसवाल, तारावती सिंह, शशिकला भगत, कमलाराम, दीनानाथ यादव, हीरामुनि निकुंज, रवि प्रताप, पूजा कश्यप, अजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, शुभम सोनी, असर्फी यादव,मुंद्रिक सिंह, विनय भगत, आकाश अग्रवाल, सुनील तिवारी, लोधिराम,शीला जायसवाल, एक्का मंडल, सीताराम गुप्ता, विवेक जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, शिवशंकर शुक्ला, नारद यादव, धीरेंद्र द्विवेदी, शशि टोप्पो, विजय प्रताप सिंह, मुकेश जायसवाल, महामंत्री रजनी सोनी, मंगलम पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

## कंदरई स्कूल में छात्राओं को किया गया जागरूक

**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन व जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी



स्कूल कंदरई में किया गया।यहाँ पर महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक शारदा सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका भ्रूण हत्या, बाल विवाह, घरेलु हिंसा, सखी वन स्टाप सेंटर, टोल फ्री नंबर 181, 1098 एवं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही पोषण माह अंतर्गत किशोर बालिकाओं को सभी प्रकार के पोषण से भरपुर खाद्य पदार्थो की जानकारी दी गई एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढ़ाई में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया,बढ़ते हुए साइबर क्राइम के बारे में भी बालिकाओं को अवगत करा सतर्क रहने की समझाइश दी गई।

## महावीरपुर की जर्जर सड़क पर ग्रामीणों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



- सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण फावड़ा, कुदाल, तगाड़ी व अन्य उपकरण लेकर सड़क मरम्मत करने पहुंचे

ग्राम महावीरपुर की मुख्य सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।ग्राम महावीरपुर के वार्ड क्रमांक 7 के पंच विनय गुप्ता ने कई बार पंचायत और जिला प्रशासन को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया, लेकिन वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क की मरम्मत कार्य अब तक शुरू नहीं किया जा सका है,अब थक हारकर ग्रामीणों ने स्वयं ही पहल करते हुए रविवार को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में सड़क सुधार कर श्रमदान का कार्य किया है।

इस बारे में वार्ड पंच विनय गुप्ता ने बताया कि 4 सितंबर को सूरजपुर कलेक्टर को आवेदन देकर श्रमदान कार्यक्रम की जानकारी दी गई और उन्हें आमंत्रित भी किया गया,रविवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और कुदाल,फावड़ा व अन्य उपकरण लेकर सड़क की मरम्मत में जुट गए,इस दौरान राधे कृष्ण गुप्ता,सुनील गुप्ता,तपन सिकदार,विक्की समद्दार,ईशान गुप्ता, छत्रपाल सिंह, दशरथ यादव, धर्मेश पाल, राजू श्रीवास्तव, आंचल, रुचि टोप्पो, किशुन सिंह, रूपेन्द्र, विपिन कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे,ग्रामीणों का कहना है महावीरपुर पंचायत का वार्ड नंबर 7 इन दिनों बारिश और लापरवाही के कारण सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है, पैदल चलना तो मुश्किल है ही,छोटे-बड़े वाहन चालक भी रोज दुर्घटना के खतरे से होकर गुजरते हैं,बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो यह सड़क जानलेवा साबित हो रही है,ग्रामीणों ने श्रमदान के बाद प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि संबंधित विभाग द्वारा मौके पर आश्वासन दिया गया है कि दो दिवस के भीतर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि यदि वादा पूरा नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा।

## करंजवार जंगल पहुंचा 30 हाथियों का दल, ग्रामीणों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- फसलों एवं घरों को पहुंचाया नुकसान

नगर पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र के सीमावर्ती गांव करंजवार जंगल में 30 हाथियों का दल आ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। हाथियों के दल में नर मादा सहित शावक हाथी भी शामिल है। क्षेत्र लंबे समय से हाथियों के सक्रिय होने के बावजूद वन विभाग हाथी को भगा पाने में नाकाम है। हाथी ने सिर्फ खेतों में लगी फसल को नुकसान पहुंचा रहे है बल्कि लोगों के घरों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त हो रहे है। 30 जंगली हाथी के आ जाने से जहां ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं वही भय के साये में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।



जंगल में हाथियों का दल।

गौरतलब है कि प्रतापपुर क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत करंजवार एवं सरहरी के जंगलों में हाथी लगातार एक हफ्ते से उत्पात मचा रहा है जहां दर्जनों किसानों के फसलों को नुकसान किया जा चुका है। अब फिर से 30 हाथियों का दल आ जाने से हाथियों के डर एवं आतंक से लोग भयभीत है। बरसात के दिनों में ग्रामीण पूरी रात जागने को मजबूर है। हाथियों के दर से पूरी रात नहीं सो पा रहे हैं और रात भर हाथी भागने की कोशिश की जा रही है। हाथियों के लिए वन विभाग बिल्कुल निष्क्रिय साबित हो गए है। आलम यह है कि कुछ देर हाथी को वन विभाग भगा कर लोगों को सुरक्षित करने की बात कहते है लेकिन फिर से पुनः की भांति स्थिति निर्मित हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि हाथियों का उत्पादन निरंतर बढ़ता चला जा रहा है। प्रतापपुर क्षेत्र के लगे ग्राम करंजवार के जंगल जो अंबिकापुर मुख्य मार्ग है। जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है और कई बार हाथी मुख्य मार्ग पर आ जाते है जिससे राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी की समस्या क्षेत्र में लंबे समय है। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा हाथियों को भगाने का प्रयास नहीं किया जाता है। तमोर पिंगला वन अभ्यारण रेस्क्यू सेंटर में दो-तीन हाथियों को बांधकर शासन की राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया जा रहा है। क्षेत्र में हाथी उत्पात मचा रहा है उसके बाद भी वन विभाग आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे है। अगर ऐसा ही रहा तो रेस्क्यू सेंटर की कोई आवश्यकता नहीं है। रेस्क्यू सेंटर में बंधे हाथियों को भी खोल देना चाहिए।

इस विषय में वन विभाग के दरोगा मानसिंह ने बताया कि 30 हाथियों का दल क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है जो रात से सक्रिय है। वन विभाग द्वारा मुख्य मार्ग पर अलर्ट किया जा रहा है। हाथी बहुत आक्रामक है और ग्रामीण हाथियों से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है। शिकायत के आधार पर मौका जांच किया जाएगा।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.आशीश जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ.हेमन्त कुमार बी<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.सोनल गार्डिया<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ.भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>नाक कान गला रोग विशेषज्ञ | डॉ.नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.रोशन आरा<br>एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ | डॉ.हिमांशु गुप्ता<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ | डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### कृषि स्नातक संघ की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है,आंदोलन की शुरुआत 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर काम करने से की गई।संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र झा ने बताया कि 15 सितंबर को जिलेभर में तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा,इस दिन संशाधन भत्ता दिए बिना कोई ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा,इसके बाद 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन कर रैली निकाली जाएगी।अधिकारियों के उक्त आंदोलन से पीएम किसान सम्मान निधि,फसल बीमा,धान खरीदी सत्यापन, सॉइल हेल्थ कार्ड,गिरदावरी सहित कई योजनाओं के ऑनलाइन कार्य प्रभावित होंगे,जिससे किसानों को दिक्कत हो सकती है।कृषि अधिकारियों की तरफ से 4300 ग्रेड पे वेतनमान में संशोधन किये जाने,स्थायी भत्ता 2500 रुपये तक बढ़ाना,संसाधन भत्ता,अतिरिक्त प्रभार पर क्षेत्रीय भत्ता और पदनाम परिवर्तन जैसी मांगे शामिल हैं।

### जमीन विवाद में दो भाइयों ने युवक से की मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों ने मेन मार्केट स्थित विजय फोटो स्टूडियो के संचालक नरेंद्र कांडे की पिटाई कर दी है,घटना शुक्रवार की बताई गई है। फोटो स्टूडियो संचालक की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी भाइयों नागेश सिंह आर्मो व योगेश आर्मो पिता स्व सदन सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2),296,3(5),351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।स्टूडियो संचालक नरेंद्र कांडे ने पुलिस में दर्ज कराए गए रिपोर्ट में बताया कि एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने उनकी कब्जे की जमीन है,उन्हें सूचना मिली कि उनके कब्जे की जमीन में आरोपित दोनों भाइयों द्वारा कब्जे करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे वे देखने के लिए मौके पर चले गये, इसी दौरान दोनों भाई नागेश और योगेश ने उनके साथ गाली गलौच करते हुए हांथ मुक्के से पिटाई कर दी जिससे उन्हें छाती सिर और चेहरे में चोटे आई हैं।प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

#### भवन की समस्या से जूझ रहा राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज

# लोनिवि ने पीजी कॉलेज के जर्जर विद्यावृत्त को घोषित किया कंडम, धसक रही थी छत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा कॉलेज राजीव गांधी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लम्बे समय से भवन की समस्या से जूझ रहा है। शासन द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की सीटों में लगातार वृद्धि की जा रही है जिससे विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप कॉलेज में कक्षाएं उपलब्ध नहीं है। समस्या को देखते हुए प्रबंधन भवन निर्माण के अनेको बार प्रस्ताव शासन को भेजा है लेकिन किसी की भी मंजूरी नहीं मिल सकी है।

**खास बातें**
- पुराने जर्जर कमरे से टपक रहा छत का पानी
- 5 हजार से अधिक विद्यार्थी कर रहे पढ़ाई
- 42 कमरों की जरूरत, 21 से चल रहा काम

राजीव गांधी स्वशासी पीजी कॉलेज सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा एवं पुराना महाविद्यालय है। कॉलेज के विभिन्न संकायों में यूजी एवं पीजी के पांच हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है। कॉलेज के पूर्व का भवन दशकों पुराना होने के कारण अत्यंत जर्जर हो गया है। पुराने भवन के किसी कमरे का प्लास्टर गिर रहा है तो किसी में खतरनाक दरारे आ गई हैं और कई कमरों में बारिश का पानी टपकने के कारण कमरे अनुपयोगी हो गए हैं। शासन द्वारा वर्ष 2010-11 में उच्च शिक्षा अभियान की राशि से निर्मित भवन भी गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण खतरनाक हो गया है। जर्जर हो चुके लॉ विभाग के भवन की भी हालत खराब हो गई है तथा विभाग के बाथरूम की छत लटक गई है तथा भवन में जगह-जगह दरारें आ गई हैं। भवन के खिड़की दरवाजे भी खराब हो गए है। कॉलेज प्रबंधन ने दुर्घटना होने के भय से खतरनाक हो चुके कमरों का उपयोग करना बंद कर दिया है तथा ऐसे सभी कमरों में ताला जड़ दिया गया है ताकि कोई भी व्यक्ति कमरों में नहीं जा सके। प्राध्यापकों के अनुसार सभी कक्षाओं के संचालन के लिए 42 कमरों की जरूरत है लेकिन कॉलेज भवन में मात्र 24 कमरे उपलब्ध है जिससे सभी संकायों की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। शासन द्वारा स्वीकृत संकायों के अतिरिक्त कॉलेज प्रबंधन स्ववित्तीय व्यवस्था से आधा दर्जन से अधिक पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है जिसके लिए अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता बताई जा रही है। प्राध्यापकों का कहना है यूजी के अधिकांश विद्यार्थी नियमित उपस्थित नहीं होते जिसके कारण पीजी की कक्षाओं के नियमित संचालन में बाधा नहीं आती। प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थी कॉलेज में पहुंचने पर बैठने की व्यवस्था तो दूर खड़े होने तक की जगह नहीं मिल पाएगी।



पीजी कॉलेज का जर्जर विद्यावृत्त भवन।

### विद्यावृत भवन हुआ खतरनाक

कॉलेज के पुराने विद्यावृत को महाविद्यालय का गौरव माना जाता है। लॉ विभाग का संचालन प्रारंभ से ही इसी भवन में किया जा रहा है। भवन जर्जर होने एवं सभी कमरों में बरसात का पानी टपकने के कारण कॉलेज प्रबंधन ने इसकी मरम्मत कराने की योजना बनाई थी तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से प्रस्ताव मांगा था। महाविद्यालय प्रबंधन के आग्रह पर 30 जुलाई को भवन का निरीक्षण किया तो हालत देख हैरान रह गए। 34 साल पुराने विद्यावृत का कॉरीडोर तथा बाथरूम पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा छत से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। दीवारों में दरारें पड़ गई है तथा खिड़की-दरवाजे के फ्रेम सड़ गए हैं वहीं छत का प्लास्टर गिर रहा है। अधिकारियों ने भवन को अनुपयोगी घोषित करने के साथ ही कभी भी इसके ढहने की संभावना जताई है तथा कॉलेज प्रबंधन को भवन को डिस्मेंटल कराने का प्रस्ताव दिया है। अधिकारियों ने अन्य जर्जर कमरों का भी निरीक्षण किया तथा पानी का रिसाव रोकने के लिए छत के ऊपर शेड बनवाने की सलाह दी। जर्जर भवनों की मरम्मत पर भारी भरकम खर्च आने को लेकर प्रबंधन द्वारा इस संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

#### नहीं है लैब

नई शिक्षा नीति के तहत शासन द्वारा स्नातक संकायों के पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया है तथा कला संकाय के विद्यार्थियों को भी जीई साइंस की पढ़ाई करने का विकल्प दिया गया है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए कम्प्यूटर लैब बड़ी जरूरत बन गई है। रसायन, भौतिकी, भूगोल एवं मनोविज्ञान आदि संकायों में आवश्यकता के अनुरूप लैब उपलब्ध नहीं है। नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को व्यवहारिक बनाकर प्रायोगिक कार्य पर बल दिया गया है। कॉलेज में 80 कम्प्यूटर के 3 लैब सहित अन्य संकायों में भी आधुनिकतम लैब की जरूरत बताई जा रही है। लैब के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

कमरों की कमी होने के कारण कक्षाओं के संचालन में परेशानी हो रही है। लोनिवि द्वारा खतरनाक घोषित करने के बाद विद्यावृत भवन को बंद कर दिया गया है। नए भवन के निर्माण के लिए प्राचार्य द्वारा शासन को 18 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है तथा जनप्रतिनिधियों को भी स्थिति से अवगत कराया गया है।

-डॉ.दीपक सिंह
कंट्रोलर, स्वशासी प्रकोष्ठ पीजी कॉलेज

## अमेरा खदान को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज, उग्र आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



एसईसीएल अमेरा खदान विस्तार को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। ग्रामीण बड़े आंदोलन की तैयारी में जुटे हैं। सोमवार की दोपहर 12 बजे इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की बड़ी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे।

- ग्रामीण अपनी जमीन बचाने जान देने पर हुए उतारू

अमेरा खदान विस्तार को लेकर ग्रामीण लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। अब ग्रामीण अपनी जमीन बचाने को लेकर जान लेने और देने की बात करने लगे हैं। ग्राम परसोड़ीकला के ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा की अनुमति के बिना एसईसीएल अमेरा खदान विस्तार को लेकर परसोड़ीकला की सीमा में रास्ता बनाकर बलपूर्वक भूमि अधिग्रहण की तैयारी की जा रही है। पिछले दिनों अमेरा खदान के अधिकारियों ने पुलिस फोर्स बुलाकर ग्रामीणों के निस्तार की शासकीय भूमि और ग्रामीणों की खड़ी फसल पर हाइड्रा और जेसीबी चलाकर भूमि अधिग्रहण किया था जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अमेरा खदान के अधिकारियों द्वारा खदान विस्तार को लेकर दबाव बनाकर उनकी जमीन छीनने का प्रयास किया जा रहा है। गांव की सीमा पर ग्रामीण अपनी जमीन और फसल बचाने तिरपाल तंबू लगाकर धरने पर बैठे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और क्षेत्रीय विधायक को आवेदन देकर खदान विस्तार पर रोक लगाए जाने की मांग की थी। खदान विस्तार को लेकर ग्रामीण उग्र आंदोलन की तैयारी में है। खदान विस्तार के लिए ग्राम परसोड़ी के किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है।

## ग्रामीणों की समस्या का होगा निराकरण, खुलेगा बंद रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मदनपुर



ग्राम पंचायत सिलफिली के नया कुशवाहा पारा में ग्रामीणों को लंबे समय से रास्ते की परेशानी झेलनी पड़ रही थी। मंडी बोर्ड निर्माण एजेंसी ने खसरा नंबर 613 से होकर गुजरने वाले 11 मीटर चौड़े पुराने निस्तार रास्ते को नींव खोदकर बंद कर दिया था जिससे पानी निकासी रुक गई और लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया था। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव के प्रयासों से अब लोगों को समस्या से राहत मिलेगी।

जिपं सदस्य नरेंद्र यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप बताया था कि रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और रास्ते को तुरंत खोलने और सेटलमेंट रिकॉर्ड में नक्शा सुधार की मांग की थी। ज्ञापन में बताया गया था कि यह रास्ता खसरा नंबर 613 से शुरू होकर मधूबन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग होते हुए खसरा नंबर 542/1 तक जाता है, जो ग्रामीणों का प्रमुख निस्तार मार्ग है। बंद होने से न केवल आवागमन बाधित हुआ, बल्कि जलभराव की समस्या भी बढ़ गई। इस मामले में आज एसडीएम, मंडी बोर्ड के कार्यपालन अभियंता, मंडी सचिव, तहसीलदार लटोरी और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, सरपंच अर्चना अगरिया, रूपदेव कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा, अक्षय लाल कुशवाहा, बीडीसी प्रतिनिधि मनोहर सिंह, रामबली कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, सुनील कुशवाहा सहित ग्रामीणों की मौजूदगी में मौके का निरीक्षण किया गया। सभी पक्षों से राय लेकर फैसला लिया कि निस्तारण के लिए चौड़ी सड़क और नाली का निर्माण कराया जाएगा। रास्ता तुरंत खोला जाएगा तथा सेटलमेंट रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार भी सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ जानकारी सार्वजनिक होने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव और स्थानीय प्रतिनिधियों की सराहना की। नरेंद्र यादव ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या मेरी प्राथमिकता है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से जल्द ही रास्ता बहाल हो जाएगा। यह घटना स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को रेखांकित करती है।

## आवास निर्माण में तेजी लाने हितग्राहियों के घर पहुंच रही प्रशासन की टीम

**सूरजपुर।** पीएम आवास योजना ग्रामीण में जिले को 10 अक्टूबर तक 17004 हितग्राहियों के आवास को पूर्ण कराए जाने का प्रारंभिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक लक्ष्य के विरुद्ध 7402 आवासों को पूर्ण किए जा चुके है।

- आवास हितग्राहियों को निर्माण के लिए दिया गया 98 .65 लाख का ऋण



शेष आवासों के लिए लगातार हितग्राहियों को प्रेरित किए जा रहे है। इसी कड़ी में बिहान योजना के दीदियों को समूह में हितग्राहियों के घर जाने और उनसे बात करके आवास को जल्द बनाने के लिए समन्वय स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। जिन हितग्राहियों को राशि थोड़ी कम पड़ रही है उन्हें एनआरएलएम के सीआईएफ एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से लोन दिए जा रहे है। दिए गए लोन राशि का समायोजन शासन के महतारी वंदन योजना अथवा हितग्राही के आवास के अगले किस्त से करने की प्लानिंग के साथ किया जा रहा है। अब तक जिले में 98.65 लाख आबंटित किया जा चुका है। इससे हितग्राही आवास को थोड़ा बड़ा और मन मुताबिक भी बना पा रहा है। दीदियों द्वारा हितग्राहियों के वास्तविक समस्या को समझाकर उसका निदान भी किया जा रहा है। एक ओर जहां कलेक्टर श्री जयवर्धन द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को आवास के निरीक्षण के लिए आदेशित किया है वहीं जमीनी अमला लगातार दौरा कर अपने अपने स्तर पर काम कर रहा है। अधिकारियों के उपस्थिति में आवास चौपाल लगाने एवं हितग्राहियों की समस्याएं तथा उसका समाधान करते हुए कार्य करने के लिए सहमति बनाई जा रही है। विभिन्न प्रकार के प्रयास से हितग्राहियों को राज्य स्थापना दिवस पर अधिक से अधिक हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराने का लक्ष्य रखा गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



## एग्री स्टेट पोर्टल में नहीं हो पा रहा वन अधिकार पत्रधारी किसानों का पंजीयन

**अंबिकापुर।** एग्री स्टेट पंजीयन पोर्टल में आई समस्या, खाद की अनुपलब्धता, फसल बीमा में मनमानी समेत किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गये एग्री स्टेट पंजीयन को किसानों ने स्वीकार किया लेकिन एग्री स्टेट पंजीयन पोर्टल में 70 प्रतिशत किसानों का पंजीयन तो हो गया लेकिन वन अधिकार पत्र धारी किसान, सामूहिक परिवार के सदस्यों या जिनके राजस्व रिकार्ड में लिपकीय त्रुटी हो गई है ऐसे किसानों का पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि सिर्फ सरगुजा जिले में ऐसे 75 सौ किसान है जिनका अब तक पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ है। इसमें 58 सौ वन अधिकार पत्र धारी किसान, 16 सौ सम्मिलित खातेधारी किसान और 300 सौ से अधिक ऐसे किसान है जिनके राजस्व रिकार्ड में लिपकीय त्रुटी हो गई है और उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि उदयपुर विकासखंड में डांडगांव, केदमा, उदयपुर, सलका समेत अन्य समितियों में वन अधिकार पत्र धारकों का पंजीयन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को परेशान करने का काम कर रही है। जब रसिया से क्रूड ऑयल आ सकता है तो किसानों के लिए यूरिया खाद क्यों नहीं ला पा रहे है। यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों को अगर समय पर यूरिया खाद नहीं मिलेगा तो वह अपनी खेती कैसे बचा पाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि किसानों की समस्याओं सहित अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगी। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि धान खरीदी की क्रय नीति सरकार त्वरित रूप से जारी करे। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति इस प्रकार की हो जिससे लघु और सीमांत किसानो का हित हो। एग्री स्टेट पोर्टल की विसंगतियों को दूर कर सभी पात्र किसानों को इसमें शामिल किया जाये। इस दौरान दुर्गेश गुप्ता, बंटी शर्मा, इन्द्रजीत सिंह धंजल, आशीष जायसवाल आदि मौजूद थे।

- मांगों को लेकरसौंपा ज्ञापन




